भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †3815

सोमवार, 16 मार्च, 2026/25 फाल्गुन, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन स्थलों के लिए संपर्क मार्ग में सुधार

†3815. मोहम्मद रकीबुल हुसैन:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि अपर्याप्त सड़क, रेल और हवाई संपर्क असम के प्रमुख पर्यटन स्थलों तक पहुंच में लगातार बाधा उत्पन्न कर रहा है;

(ख) प्रमुख पर्यटन स्थलों तक पहुँच के लिए अंतिम छोर तक सड़क संपर्क मार्ग और क्षेत्रीय हवाई संपर्क के लिए चिह्नित की गई कमियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, नागरिक उड्डयन एवं रेल मंत्रालयों के समन्वय से इन कमियों को दूर करने के लिए स्वीकृत या विचाराधीन प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) ऐसी संपर्क मार्ग परियोजनाओं को पूरा करने के लिए निर्धारित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): देश में पर्यटन के विकास के लिए संपर्कता एक महत्वपूर्ण पहलू है। पर्यटन मंत्रालय, नागर विमानन मंत्रालय, रेल मंत्रालय, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के साथ मिलकर पर्यटन स्थलों को प्रमुख स्रोत बाजार से जोड़ने और असम सहित पूरे देश में अंतिम छोर तक संपर्कता सुनिश्चित करने के लिए नजदीकी समन्वय करता है।

देश में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव की मुख्य जिम्मेदारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की है। यह कार्य ट्रैफिक की मात्रा, संपर्कता/लॉजिस्टिक्स आवश्यकताओं और प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर किया जाता है। क्षेत्र में राज्य के राजमार्गों का विकास और नियोजन संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा की जाती है।

भारत सरकार के नागर विमानन मंत्रालय ने वर्ष 2016 में आरसीएस-उड़ान (क्षेत्रीय संपर्कता योजना - उड़े देश का आम नागरिक) नामक योजना शुरू की, जिसका प्राथमिक उद्देश्य क्षेत्रीय हवाई संपर्कता को सुगम और किफायती बनाकर प्रोत्साहित करना है। पर्यटन मंत्रालय ने नागर विमानन मंत्रालय के साथ मिलकर चैंपियन सेवा क्षेत्र योजना (सीएसएसएस) के तहत व्यवहार्यता अंतर

निधिकरण (वीजीएफ) के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की है, जिसका उद्देश्य कम प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों सहित महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों तक संपर्कता को और बेहतर बनाना है। पर्यटन मंत्रालय इस उद्देश्य के लिए चिह्नित 53 पर्यटन मार्गों के लिए व्यवहार्यता अंतर निधिकरण (वीजीएफ) की राशि साझा कर रहा है, जिसकी सूची **अनुबंध** में दी गई है।

पर्यटन मंत्रालय सभी संबंधित मंत्रालयों के साथ मिलकर संपर्कता संबंधी अंतर को दूर करने के लिए काम कर रहा है और यह एक निरंतर चलने वाला प्रयास है। इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए कोई निश्चित समय-सीमा तय नहीं की गई है।

*****

अनुबंध

मोहम्मद रकीबुल हुसैन द्वारा पर्यटन स्थलों के लिए संपर्क मार्ग में सुधार के संबंध में दिनांक 16.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †3815 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

आरसीएस-उड़ान के तहत शुरू किए गए 53 पर्यटन मार्गों की सूची

क्र.सं.	प्रस्थान एयरपोर्ट	आगमन एयरपोर्ट
1.	अहमदाबाद (गुजरात)	उदयपुर (राजस्थान)
2.	उदयपुर (राजस्थान)	अहमदाबाद (गुजरात)
3.	अमृतसर (पंजाब)	जयपुर (राजस्थान)
4.	जयपुर(राजस्थान)	अमृतसर
5.	भोपाल (मध्य प्रदेश)	उदयपुर (राजस्थान)
6.	उदयपुर (राजस्थान)	भोपाल (मध्य प्रदेश)
7.	बेंगलुरु (कर्नाटक)	मैसूर (कर्नाटक)
8.	मैसूर (कर्नाटक)	बेंगलुरु (कर्नाटक)
9.	राजमुंदरी (आंध्र प्रदेश)	विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश)
10.	विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश)	राजमुंदरी (आंध्र प्रदेश)
11.	कोलकाता (पश्चिम बंगाल)	अमृतसर (पंजाब)
12.	अमृतसर (पंजाब)	कोलकाता (पश्चिम बंगाल)
13.	दीमापुर (नागालैंड)	इंफाल (मणिपुर)
14.	इंफाल (मणिपुर)	दीमापुर (नागालैंड)
15.	वाराणसी (उत्तर प्रदेश)	भुवनेश्वर (ओडिशा)
16.	भुवनेश्वर (ओडिशा)	वाराणसी (उत्तर प्रदेश)
17.	आइज़ोल (मिजोरम)	अगरतला (त्रिपुरा)
18.	अगरतला (त्रिपुरा)	आइज़ोल (मिजोरम)
19.	वाराणसी (उत्तर प्रदेश)	भुवनेश्वर (ओडिशा)
20.	भुवनेश्वर (ओडिशा)	वाराणसी (उत्तर प्रदेश)
21.	वाराणसी (उत्तर प्रदेश)	पटना (बिहार)
22.	अमृतसर (पंजाब)	पटना (बिहार)
23.	पटना (बिहार)	अमृतसर (पंजाब)
24.	कालीकट (केरल)	दिल्ली
25.	दिल्ली	कालीकट (केरल)
26.	आगरा (उत्तर प्रदेश)	भोपाल (मध्य प्रदेश)
27.	भोपाल (मध्य प्रदेश)	आगरा (उत्तर प्रदेश)
28.	डिब्रूगढ़ (असम)	दीमापुर (नागालैंड)

29.	दीमापुर (नागालैंड)	डिब्रूगढ़ (असम)
30.	डिब्रूगढ़ (असम)	इंफाल (मणिपुर)
31.	इंफाल (मणिपुर)	डिब्रूगढ़ (असम)
32.	दिल्ली	खजुराहो (मध्य प्रदेश)
33.	खजुराहो (मध्य प्रदेश)	दिल्ली
34.	गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)	वाराणसी (उत्तर प्रदेश)
35.	वाराणसी (उत्तर प्रदेश)	गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)
36.	प्रयागराज (उत्तर प्रदेश)	लखनऊ (उत्तर प्रदेश)
37.	लखनऊ (उत्तर प्रदेश)	प्रयागराज (उत्तर प्रदेश)
38.	देवघर (झारखंड)	कोलकाता (पश्चिम बंगाल)
39.	कोलकाता (पश्चिम बंगाल)	देवघर (झारखंड)
40.	देवघर (झारखंड)	पटना (बिहार)
41.	पटना (बिहार)	देवघर (झारखंड)
42.	देवघर (झारखंड)	रांची (झारखंड)
43.	रांची (झारखंड)	देवघर (झारखंड)
44.	बेंगलुरु (कर्नाटक)	विद्यानगर (कर्नाटक)
45.	विद्यानगर (कर्नाटक)	बेंगलुरु (कर्नाटक)
46.	हैदराबाद (तेलंगाना)	विद्यानगर (कर्नाटक)
47.	विद्यानगर (कर्नाटक)	हैदराबाद (तेलंगाना)
48.	भोपाल (मध्य प्रदेश)	उदयपुर (राजस्थान)
49.	उदयपुर (राजस्थान)	भोपाल (मध्य प्रदेश)
50.	अहमदाबाद (गुजरात)	उदयपुर (राजस्थान)
51.	उदयपुर (राजस्थान)	अहमदाबाद (गुजरात)
52.	होलोंगी (अरुणाचल प्रदेश)	गुवाहाटी (असम)
53.	गुवाहाटी (असम)	होलोंगी (अरुणाचल प्रदेश)

*****